अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 20 जुलाई 2023
प्रथम श्रावण शुक्ल-तृतीया
विक्रम संवत-2080

**PAGE NO. 06 : BOTTOM**

# गुडलाइफ हॉस्पिटल के स्थापना दिवस पर हेल्थ कैंप का शुभारंभ

**बरेली (वि)।** एसआरएमएस गुडलाइफ हॉस्पिटल ने बुधवार (19 जुलाई 23) को अपना छठा स्थापना दिवस मनाया। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति ने स्टाफ के साथ विधि विधान से हवन किया। इस मौके पर 19 से 22 जुलाई 2023 तक नेफ्रोलॉजी एंड मेडिसिन हेल्थ कैंप का शुभारंभ किया गया। इसमें नेफ्रोलाजी, मेडिसिन विशेषज्ञों के साथ फिजियोथेरेपिस्ट और डायटीशियन का परामर्श निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री आदित्य ने कहा कि एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने 19 जुलाई 2018 को गुडलाइफ हॉस्पिटल स्थापित किया। इस मौके पर प्रिंसिपल एयर मार्शल (डॉ.) एमएस बुटोला, डॉ.पियूष कुमार, डॉ.एमपी रावल, डॉ.नीलिमा मेहरोत्रा, डॉ. रुचिका गोयल, डॉ.आयुष गर्ग, डॉ.अमित सक्सेना आदि मौजूद रहे।